दिल्ली पुलिस समाचार

अंक-124 सितम्बर-अक्टूबर, 2018 पंजी० सं० आर-43037/85 दिल्ली पुलिस की घरेलू पत्रिका



शहीदी दिवस पर शहीद साथियों को नमन हमारा

दिल्ली पुलिस

शांति सेवा न्याय

"भारत के हर नागरिक को यह याद रखना चाहिए कि वह भारतीय है और इस देश में उसके पास हर अधिकार है, परन्तु कुछ कर्त्तव्यों के साथ।"

–सरदार वल्लभभाई पटेल

दिल्ली पुलिस की ओर से
भारत के प्रथम गृह मंत्री को सादर श्रद्धांजलि
राष्ट्रीय एकता दिवस
31.10.2018



राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

मैं, सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयास करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुरक्षित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लेता हूँ।

पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण



31 अक्टूबर, 2018 को पुलिस मुख्यालय स्थित काँफ्रेंस हॉल में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली। एक महान शख्सियत एवं लोह पुरूष भूतपूर्व उप-प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृहमंत्री स्व0 सरदार वल्लभभाई पटेल की 144वीं जयंति के मौके पर दिल्ली पुलिस के विभिन्न जिला/इकाईयों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किये गये। ज्ञातव्य है कि दिनांक 13 दिसम्बर, 1948 को लौहपुरूष स्व0 सरदार वल्लभभाई पटेल दिल्ली पुलिस के एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भी शामिल हुए थे।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से प्रेरित दिल्ली पुलिस की युवा योजना के तहत ''मेगा जॉब फेयर' का आयोजन



प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना एवं दिल्ली पुलिस की युवा योजना के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री किरण रिजिजू



पर्यावरण सुरक्षा के लिए 'वृक्षारोपण' कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि को पौधा भेंट करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित युवा को प्रशस्ति पत्र देते हुए केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री किरण रिजिजू साथ में उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की महत्वाकांक्षी योजना 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना'' से प्रेरित दिल्ली पुलिस द्वारा शुरू की गई **''युवा योजना''** का एक वर्ष पूरा होने पर 8 अक्टूबर, 2018 को सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम के सभागार में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इस मौके पर **माननीय केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री किरण रिजिजू** एवं **माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल** ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, विभिन्न कंपनियों से आए अधिकारियों एवं जॉब पाने वाले युवाओं को सम्बोधित किया। **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, पुलिस महानिदेशक चंडीगढ़ श्री संजय बेनिवाल, विशेष पुलिस आयुक्त श्री संदीप गोयल, श्री आर.पी. उपाध्याय, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश श्रीवास्तव** तथा **एनएसडीसी** के **एमडी व सीईओ श्री मनीष कुमार** मंच पर विराजमान थे। साथ ही सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, 60 से अधिक विभिन्न उद्योगों से जुड़े पदाधिकारी और प्रोफेशनल स्किल कोर्स पूरा कर नौकरी पाने वाले कुल युवाओं में से लगभग 700 युवा इस कार्यक्रम में मौजूद थे। केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री किरण रिजिजू ने अपने सम्बोधन में कहा कि इतनी बड़ी संख्या में बेराजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना दिल्ली पुलिस की एक बड़ी उपलब्धि है और शायद इससे पहले देश के किसी अन्य राज्य की पुलिस ने ऐसा कदम नहीं उठाया होगा। दिल्ली पुलिस ने अन्य राज्यों की पुलिस के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने साधन वंचित, शिक्षा वंचित, स्कूल ड्राप–आउट, अपराध पीड़ित या भटके हुए किशोरों को न केवल रोजगार योग्य बनाया है बल्कि उनके जीवन को नई दिशा भी दी है ।

उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस प्रकार की पुलिसिंग की मदद से अपराध होने से पहले ही नियंत्रित करने की अवधारणा पर विचार किया गया ताकि युवा हुनरमंद हो जाएंगे तो वे अपराध की तरफ नहीं रोजगार की तरफ अग्रसारित होंगे। दिल्ली पुलिस केवल अपराधियों को ही नहीं पकड़ रही है बल्कि युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें इज्जत की जिंदगी भी दे रही है। **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने कहा कि हमने युवा योजना को प्रारंभ से ही पूरी संजीदगी से लिया और इसे विस्तारित करने की दिशा में काम किया। इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने में माननीय केन्द्रीय गृहमंत्री जी का भी संरक्षण हमें लगातार मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा महसूस किया गया है कि पहली बार स्ट्रीट क्राइम में संलिप्त हो सकने वाले युवाओं को यदि युवा कार्यक्रम में शामिल किया जाए तो न केवल वे आपराधिक मनोवृत्ति से विमुख होंगे बल्कि समाज की मुख्यधारा में भी शामिल होंगे।

शहीद साथियों को शत्–शत् नमन

21 अक्टूबर, 2018 की प्रातः किग्जवे कैम्प स्थित नई पुलिस लाइन मैदान में शहीद साथियों की याद में शोक परेड का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष दिल्ली पुलिस 21 अक्टूबर को शहीदी दिवस के रूप में मनाती है। जिसमें उन शहीदों का स्मरण किया जाता है जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने देश के अर्धसैनिक पुलिस संगठनों और पुलिस बलों के शहीद पुलिसकर्मियों कोश्रद्धांजलि दी। गतवर्ष 1 सितम्बर 2017 से 31 अगस्त 2018 तक अर्धसैनिक पुलिस संगठनों एवं पुलिस बलों के कुल 414 अधिकारियों एवं कर्मियों ने ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देकर अन्य साथियों के समक्ष कर्तव्य परायणता का उत्कृष्ठ अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

इस वर्ष कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अधिकारियों एवं जवानों की संख्या इस प्रकार है :– आंध्र प्रदेश 06, असम 02, अंडमान निकोबार 01,बिहार 10, छतीसगढ़ 25, गुजरात 01 दिल्ली 13, हरियाणा 02, जम्मू एंड कश्मीर 46, झारखंड 07, कर्नाटका 15, केरल 6,, मध्य प्रदेश 08, महाराष्ट्र 03, मणिपुर 03, मेघालय 01, उड़ीसा 01, राजस्थान 01, उत्तर प्रदेश 67,सिक्क्म 01, तमिलनाडू 02, तेलंगाना 02, त्रिपुरा 01, उतराखंड 02, पश्चिमी बंगाल 18, असम राइफल्स 08, बीएसएफ 42, सीआईएसएफ 09, सीआरपीएफ 27, एसएसएफ, सीडीएंडएचजी 20, आईटीबीपी 34, एनसीबी 01, एनडीआरएफ 03, एसएसबी 01 तथा आरपीएफ 25।

इस अवसर पर **भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री टी.आर कक्कड़, श्री बी.के. गुप्ता, श्री नीरज कुमार एवं श्री बी.एस.बस्सी** सहित दिल्ली पुलिस के अधिकांश भूतपूर्व एवं वर्तमान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी शहीद स्मारक स्थल पर रखी **'शहीदी पुस्तिका''** पर पुष्पाजंलि अर्पित की तथा शहीदों की याद में दो मिनट का मौन धारण किया।

57 वर्ष पूर्व आज ही के दिन वर्ष 1959 में भारतीय पुलिस दल की एक छोटी टुकड़ी लद्दाख क्षेत्र में मातृभूमि की रक्षा के लिए तैनात थी। वहीं एक पहाड़ी पर छिपे चीनी सैनिकों के एक भारी दस्ते ने घात लगार कर पुलिस टुकड़ी पर आक्रमण कर दिया। देश के शत्रुओं का सामना करते हुए भारतीय पुलिस दल के 10 जवान उस मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए। तब से प्रत्येक वर्ष हम उन शहीदों को आज के दिन याद करते हैं। साथ ही देश की सेवा में गतवर्ष प्राण न्यौछावर करने वाले हर पुलिसकर्मी को अपनी श्रद्वाजंलि अर्पित करते हैं। 21 अक्टूबर का दिन सभी केंद्रीय पुलिस संगठनों और राज्यों की पुलिस द्वारा ''शहीदी दिवस'' के रूप में मनाया जाता है।



शहीदी पुस्तिका को शहीद स्मारक स्थल की तरफ ले जाते हुए


शहीदों की याद में दो मिनट का मौन धारण करते हुए


शहीद स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पुलिस आयुक्त

फोटो : रोज़र जोसफ

गतवर्ष कर्तव्य की वेदी पर शहीद हुए दिल्ली पुलिस के 13 शहीद पुलिसकर्मियों में शमिल हैं :एसआई खजान (दक्षिण–पश्चिमी जिला), एएसआई धर्मबीर सिंह (दक्षिण–पश्चिमी जिला), एएसआई गणेश दास कर्दम (पश्चिमी जिला), एएसआई अशोक कुमार (डीएपी), एएसआई ओमपाल सिंह (उत्तर–पूर्वी जिला), एएसआई महाबीर सिंह (यातायात), हेड कां0 रोहित नायब (दक्षिण–पूर्वी जिला), हेड कां0 बिनोद उर्फ विनोद कुमार (डीएपी), कां0 अमरपाल (दक्षिण–पश्चिमी जिला), कां0 भूप सिंह (दक्षिण–पश्चिमी जिला), कां0 विरेन्द्र सिंह मलिक (उतर–पश्चिमी जिला), कां0 बिनेश कुमार (यातायात) तथा कां0 यशवीर सिंह (यातायात)।


एसआई इंस्पेक्टर खजान


एएसआई धर्मबीर सिंह


एएसआई गणेश दास कर्दम


एएसआई अशोक कुमार


एएसआई ओमपाल सिंह


एएसआई महाबीर सिंह


हेड कां. रोहित नैब


हेड कां. विनोद कुमार


कां. अमर पाल


कां. भूप सिंह


कां. विरेन्द्र सिंह मलिक


कां. बिनेश कुमार


कां. यशवीर सिंह

दक्षिण–पूर्वी जिला में ''एक शाम पुलिस शहीदों के नाम'' कार्यक्रम आयोजित



लोट्स टेम्पल सभागार में दीप प्रज्जवलित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



इंस्पेक्टर राममनोहर सिंह एवं अन्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत का आनंद उठाते हुए उपस्थित दर्शकगण

20 अक्टूबर, 2018 को दक्षिण–पूर्वी जिला इलाके में स्थित लोटस टैम्पल सभागार में **''एक शाम पुलिस शहीदों के नाम''** कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.पी.उपाध्याय, श्री संदीप गोयल, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश श्रीवास्तव, श्री मुधुप तिवारी, श्री अजय चौधरी, उपायुक्त श्री चिन्मय विश्वाल** एवं शहीदों के परिजनों सहित भारी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। इस मौके पर पुलिस आयुक्त महोदय ने दिल्ली पुलिस परिवार से शहीद हुए जवानों के अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शहीदों की क्षतिपूर्ति तो संभव नहीं है परंतु पुलिस परिवार प्रशासनिक स्तर पर सभी शहीद पुलिसकर्मियों के शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ा है। पुलिस आयुक्त महोदय ने शहीदों के परिजनों को शॉल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर दिल्ली पुलिस परिवार की तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रतिदिन हम अपराधियों से लड़ते है, आज हमें अपने अश्रुओं से लड़ना है। दिल्ली पुलिस के शहीदों की याद में आयोजित इस कार्यक्रम में इंस्पेक्टर राम मनोहर सहित कई प्रमुख कलाकार ने देशभक्ति से प्रेरित गीत प्रस्तुत किये।



शहीद पुलिसकर्मी की आश्रित को शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए पुलिस आयुक्त



शहीद पुलिसकर्मी की आश्रित को शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए पुलिस आयुक्त

भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा



पुलिस मुख्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ शपथ ग्रहण करते अधिकारीगण

29 अक्टूबर, 2018 को पुलिस मुख्यालय स्थित कॉंफ्रेंस हॉल में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों ने भ्रष्टाचार उन्मूलन संबंधित ''सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा'' की शपथ ली।

शपथ

मेरा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। मेरा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। मेरा मानना है कि प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिए तथा उसे सदैव ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा से उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए तथा भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष में साथ देना चाहिए।

अतः मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करूँगा। ना तो रिश्वत लूंगा और ना ही रिश्वत दूंगा। सभी कार्य ईमानदारी तथा पारदर्शी रीति से करूँगा। जनहित में कार्य करूँगा। अपने निजी आचारण में ईमानदारी दिखाकर उदाहरण प्रस्तुत करूँगा। भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट उचित एजेंसी को दूंगा।


दिल्ली पुलिस द्वारा जनहित में एक ओर शानदार पहल (एम्स में नागरिकों को ई–एफआईआर दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध)



हाईटेक पुलिस बूथ का उद्घाटन करते हुए उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल



हाईटेक पुलिस बूथ की चाबी पुलिस आयुक्त को भेंट करते हुए एनडीएमसी चेयरमेन श्री नरेश कुमार



एनडीएमसी की मदद से नवनिर्मित हाईटेक पुलिस बूथ

14 सितम्बर, 2018 को **माननीय उपराज्यपाल श्री अनिज बैज़ल** ने एम्स के सामने एक ऐसे पुलिस बूथ का उद्घाटन किया जिसमें नागरिक चोरी, वाहन चोरी व मोबाइल चोरी जैसी घटनाओं की स्वयं ई–एफआईआर दर्ज करा सकेंगे। इस मौके पर **सांसद श्रीमती मीनाक्षी लेखी, पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, एनडीएमसी के चेयरमैन श्री नरेश कुमार, उपाध्यक्ष श्री करण सिंह तंवर, सदस्य डॉ अनिता आर्य, विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.पी. उपाध्याय** सहित एनडीएमसी और दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। इस मौके पर माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल ने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा शुरू की गई इस सुविधा से न केवल दिल्लीवासी बल्कि देश के अन्य राज्यों और विदेशों से आने वाले नागरिक भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी जनकल्याणकारी योजनाओं का अन्य निकायों को भी अनुसरण करना चाहिए। एनडीएमसी चेयरमैन श्री नरेश कुमार ने कहा कि इस हाई–टेक बूथ को वास्तुकला व भूकंपरोधी तकनीक व अन्य आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित किया गया है ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा नागरिकों को जितनी भी ऑनलाइन सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं वे तमाम सुविधाएँ इस बूथ से ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह पुलिस बूथ ऐसे प्रमुख स्थान पर खोला गया जहाँ पर प्रतिदिन लाखों लोगों का आवागमन होता है और यहाँ चोरी, वाहन चोरी व मोबाइल चोरी जैसी शिकायतों के पीड़ित स्वयं ऑनलाइन ई–एफआईआर दर्ज कर सकेंगे। अगर कोई नागरिक स्वयं ऑन लाइन अपनी शिकायत दर्ज नहीं कर पाएगा तो पुलिस बूथ पर 24 घंटों तैनात रहने वाले पुलिसकर्मी उसकी मदद करेंगे। इस पुलिस बूथ के माध्यम से उद्घोषणा भी की जा सकेगी और सीसीटीवी के जरिये फीडबैक भी लिया जा सकेगा। पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि दिल्ली पुलिस का प्रयास होगा कि एनडीएमसी की मदद से आठ और पुलिस बूथ प्रधानमंत्री आवास के निकट, कमाल अत्तातुर्क मार्ग, विनय मार्ग, शांति पथ, आईएनए मार्केट, मिन्टो रोड, नॉर्थ ब्लाक व दिल्ली हाट जैसे प्रमुख स्थानों पर खोले जाएं। इस पर गंभीरता से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस का हमेशा यही प्रयास रहता है कि आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग करते हुए नागरिकों की सेवा मे उनका विश्वास अर्जित करते हुए आगे बढ़ा जाए।

लॉन टेनिस की उभरती खिलाड़ी लक्ष्मी गौड़ा ने इंटर स्कूल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया



लक्ष्मी गौड़ा

रोहिणी जिला के **अति0उपायुक्त पुलिस श्री बी.एल.सुरेश** की सुपुत्री **लक्ष्मी गौड़ा** ने सितम्बर माह में योनेक्स सनराईज़ इंटर स्कूल टेनिस प्रतियोगिता में पदक जीत कर न केवल अपने अभिभावकों का बल्कि दिल्ली पुलिस परिवार का नाम भी रोशन किया है। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में माननीय **उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल** ने लक्ष्मी गौड़ा के खेल प्रदर्शन की तारीफ करते हुए उन्हें ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। चाणक्यपुरी स्थित संस्कृति पब्लिक स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ रही 13 वर्षीय लक्ष्मी गौड़ा इससे पूर्व भी अंतरर्राज्यीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा से खेल आयोजकों और दर्शकों के मन में विशेष स्थान बनाने में सफल रही है। ऑल इंडिया टेनिस रैंकिंग 01.10.2018 के अनुसार लक्ष्मी गौड़ा अंडर 14 में 19वें स्थान, अंडर–16 में 39वें स्थान तथा अंडर 18 में 67वें स्थान पर कायम है। लक्ष्मी गौडा ने बताया कि वह अपने खेल के प्रति पूरी तरह समर्पित व संकल्पित है तथा अपनी मजबूत खेल भावना व अथक प्रयास के बल पर हर आयु वर्ग की प्रतियोगिता में और बेहतर प्रदर्शन करते हुए निरंतर अपनी रैंकिंग में सुधार के लिए प्रयासरत है। पिछले दिनों योनेक्स सनराईज़ इंटर स्कूल टेनिस प्रतियोगिता में **लक्ष्मी गौड़ा** के शानदार खेल प्रदर्शन का आयोजकों एवं दर्शकों ने लोहा माना। दिल्ली पुलिस परिवार **लक्ष्मी गौड़ा** के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।



माननीय उपराज्यपाल के हाथों ट्राफी ग्रहण करती हुई लक्ष्मी गौड़ा

उपराज्यपाल द्वारा खान मार्केट में ऑनलाइन सुविधाओं से सुसज्जित पुलिस बूथ का उद्घाटन

16 अक्टूबर, 2018 को **माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल** ने दिल्ली के प्रतिष्ठित बाजार खान मार्केट में दिल्ली पुलिस के हाई–टेक बूथ का उद्घाटन किया। इस मौके पर नई दिल्ली से **सांसद श्रीमती मीनाक्षी लेखी, पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, एनडीएमसी के चेयरमैन श्री नरेश कुमार, एनडीएमसी सचिव श्रीमती रश्मि सिंह, विशेष पुलिस आयुक्त श्री राजेश मलिक, श्री आर.पी. उपाध्याय, श्री संजय सिंह, श्री एस.के.गौतम, श्री एम. एम.ओबराय, श्री वीरेन्द्र चहल, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री अजय चौधरी, श्री देवेश श्रीवास्तव, उपायुक्त पुलिस श्री मधुर वर्मा, श्री एंटो अल्फोंस व श्रीमती मोनिका भारद्वाज** के अलावा दिल्ली पुलिस व एनडीएमसी के अधिकारीगण व खान मार्केट एसोशिएशन के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। माननीय उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस व एनडीएमसी के संयुक्त प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक शानदार पहल है। दिल्ली पुलिस व एनडीएमसी ने अपने बेहतर तालमेल से खान मार्केट जैसे प्रतिष्ठित एवं व्यस्त बाजार में नागरिकों के लिए विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन सुविधाएँ उपलब्ध कराई हैं। इस हाई–टेक पुलिस बूथ में कुछ चुनिंदा अपराधों की एफआईआर लिखवाने और इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा होने से किरायेदारों और घरेलू सहायकों की वेरिफिकेशन कराने की सुविधा होगी। इस अवसर पर मशहूर नाटक मंडली 'अस्मिता' ने एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया जिसका प्रसंग था कि अब महिलाओं को अपने खिलाफ होने वाली किसी भी प्रकार की यातना को सहन नहीं करना चाहिए और ना ही उसके प्रति खामोश रहना चाहिए बल्कि समय रहते उसके खिलाफ आवाज भी उठानी चाहिए।

इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने कहा कि लगभग 30 वर्ष पूर्व अस्तित्व में आए इस पुलिस बूथ की एनडीएमसी की मदद से काया–पलट की गई है जिसमें 24 घंटे पुलिस मौजूद रहेगी और दिन के समय में एक महिला पुलिसकर्मी भी मौजूद होगी। इससे खान मार्केट आसपास के निवासी अपनी शिकायत यहां दर्ज करा सकें और पुलिस की मदद प्राप्त कर सकें। भविष्य में दिल्ली पुलिस और एनडीएमसी का संयुक्त प्रयास होगा कि ऐसे हाईटेक पुलिस बूथ अन्य जिलों में भी बनाए जाए।



खान मार्किट में पुलिस बूथ का उद्घाटन करते हुए उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल



माखान मार्किट के व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए उपराज्यपाल महोदय



नई दिल्ली इलाके में महिला मोटरसाईकिल दस्ते द्वारा की जाने वाली गश्त के बारे में उपराज्यपाल महोदय को जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण

प्रशिक्षु जेएंडके पुलिस अधिकारियों की पुलिस आयुक्त से शिष्टाचार भेंट

16 अक्टूबर, 2018 को जेएंडके पुलिस के प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों ने पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.पी. उपाध्याय व श्री सतीश गोलचा भी उपस्थित थे। पुलिस आयुक्त महोदय ने प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें समृद्ध राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान देने के लिए प्रेरित किया।





दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की गतिविधियों पर एक झलक



विकास पुरी स्थित पुलिस कॉलोनी में जन्माष्टमी पर्व में शामिल समिति की पदाधिकारीगण



मदर टैरेसा क्रिसेंट मार्ग स्थित राजपत्रित अधिकारी मेस में मैत्री क्लब की बैठक





नई पुलिस लाईन में स्वच्छता सप्ताह की रूपरेखा तैयार करते हुए समिति की पदाधिकारी एवं लाईन परिसर में पौधा रोपण करते हुए समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक





द्वारका पुलिस कॉलोनी में आयोजित स्वास्थ्य कैम्प का जायजा लेते हुए समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक एवं साथ में प्रमुख डॉक्टर्स की टीम के सदस्य





17, मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग पर स्थित राजपत्रित अधिकारी मैस में दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा आयोजित दीपावली मेले में समिति की अध्यक्षा एवं अन्य पदाधिकारीगण





दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति पदाधिकारीगण दिपावली मेले का लुत्फ उठाते हुए

दिल्ली पुलिस में महिला सशक्तिकरण की एक यादगार झलक



सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सम्मान में 14 सितम्बर 2018 को दिए रात्रि भोज में दिल्ली पुलिस परिवार से जुड़ी महिलाओं की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इस मौके पर श्रीमती सूचना पटनायक ने श्रीमती कामराज एवं श्रीमती आलोक कुमार को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उनके खुशहाल जीवन की कामना की। चित्र में समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक साथ में समिति की अन्य पदाधिकारी एवं दिल्ली पुलिस में महिला सशक्तिकरण की प्रतीक वरिष्ठ महिला पुलिस अधिकारीगण।

दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल में डिजिटली-स्मार्ट क्लासरूम की शुरूआत



सैमसंग स्मार्ट क्लासरूम का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



देशभक्ति से ओत-प्रोत नाटक प्रस्तुत करते हुए स्कूली छात्र

7 सितम्बर, 2018 को सफदरजंग एन्कलेव स्थित दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल में पुलिस आयुक्त एवं पुलिस फाउंडेशन फॉर एजूकेशन, दिल्ली के संरक्षक **श्री अमूल्य पटनायक** ने सैमसंग स्मार्ट क्लासरूम का उद्घाटन किया। इस मौके पर **दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति** की **अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक**, विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था दक्षिणी परिक्षेत्र एवं पुलिस फाउंडेशन फॉर एजूकेशन, दिल्ली के अध्यक्ष) श्री एम.एस. उपाध्याय, संयुक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिणी परिक्षेत्र एवं पुलिस फाउंडेशन फॉर एजूकेशन, दिल्ली के सचिव) श्री देवेशचन्द्र श्रीवास्तव, स्कूल प्राचार्या श्रीमती रूबी मल्होत्रा अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा स्कूल का शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक स्टाफ मौजूद था। इस अवसर पर स्कूल में वाटर कूलर, वाटर आरओ तथा स्मार्ट बोर्ड लगाने के साथ-साथ डिजिटली-स्मार्ट क्लासरूम की नई शुरूआत हुई। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार देते हुए कहा कि आज का युग डिजिटल युग है और हमें समय के साथ चलते हुए उसे पूर्णतया आत्मसात करना चाहिए ताकि हम समय के साथ कदम मिलाते हुए आगे बढ़ सके। स्कूली बच्चों द्वारा प्रदर्शित साइंस मॉडल को पदाधिकारियों सहित कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। यह कार्यक्रम ओएनसीजी, बीएसईएस और सैमसंग जैसे उपक्रमों के सहयोग से आयोजित किया गया।



स्कूली छात्रों द्वारा प्रस्तुत मॉडल का अवलोकन करते हुए पुलिस आयुक्त एवं समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक



प्रतिभाशाली छात्रों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर प्रोत्साहित करते हुए पुलिस आयुक्त, समिति की अध्यक्षा, स्कूल प्रधानाचार्या एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण

हमारे प्रतिभाशाली छात्र



विपिन
सुपुत्र हेडकां. राजेन्द्र प्रसाद
एम.बी.बी.एस. के लिए चयनित



अंकुश सांगवान
सुपुत्री हेडकां. सुभाष
कक्षा 12वीं 98%



विनीत कुमार
सुपुत्र हेडकां. सतीश
कक्षा 12वीं 96%



दीपांशू
सुपुत्र एएसआई अनिल
कक्षा 12वीं 94%



कविता
सुपुत्री एमटीएस जीवन
कक्षा 12वीं 92%

उत्तरी जिला पुलिस ने स्कूल/कॉलेज के दो हजार छात्रों को साइबर क्राइम के बारे में जागरुक किया



साइबर क्राइम जागरूकता अभियान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त



साइबर क्राइम से संबंधित बुकलेट का विमोचन करते हुए

23 अक्टूबर, 2018 को उत्तरी जिला पुलिस ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थित रग्बी स्टेडियम में साइबर क्राइम से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.पी. उपाध्याय, श्री संदीप गोयल, श्री एम.एम. ओबराय, श्री प्रवीर रंजन, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री राजेश खुराना, श्री मधुप तिवारी, श्री रविन्द्र यादव, श्री सागरप्रीत हुड्डा, उपायुक्त पुलिस श्रीमती नुपूर प्रसाद, श्री अन्येश रॉय, अति.उपा0पुलिस श्री हरेन्द्र सिंह** सहित विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के लगभग 2000 छात्र/छात्राएँ उपस्थित थे। इसके अलावा **रामजस कॉलेज** के **प्रधानाचार्य श्री सुरेश खन्ना,** प्राक्टर दिल्ली विश्वविद्यालय **प्रोफेसर नीता सहगल,** साइबर कानून के विख्यात वक्ता **श्री पवन दुग्गल,** साइबर एक्सपर्ट **श्री राहुल त्यागी, श्री जतिन जैन** के साथ–साथ दिल्ली विश्वविद्यालय की शैक्षिक संस्थाओं के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। पुलिस आयुक्त महोदय ने दिल्ली पुलिस द्वारा युवाओं के लिए साइबर क्राइम से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की प्रशंसा करते हुए कहा कि साइबर क्राइम से बचने का सबसे बड़ा उपाय केवल साइबर क्राइम के प्रति जागरूक होना है, क्योंकि इस तरह की वारदात पीड़ितों की मानसिकता पर गहरा प्रभाव छोड़ जाती है। इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि साइबर दुनिया में कुछ भी व्यक्तिगत अथवा गुप्त नहीं है तथा इसका हरेक उपभोक्ता एक संभावित पीड़ित हो सकता है इसलिए यह अति आवश्यक है कि हमें इस बात की समझ हो कि हम क्या करें और क्या करने से बचें। इस मौके पर साइबर क्राइम के बारे में शिक्षित करने से संबंधित बुकलेट भी लांच की गई।



साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम में शामिल विभिन्न स्कूल व कॉलेजों के छात्र व छात्राएं

यातायात पुलिस ने कमर्शियल वाहन चालकों के लिए 'नो एंट्री परमिशन'' की सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध कराई



ऑनलाइन नो एंट्री परमिशन सुविधा का शुभारंभ करते हुए विशेष पुलिस आयुक्त श्री ताज हसन

1 अक्टूबर, 2018 को एनडीएमसी के कन्वेंशन हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री ताज हसन ने कमर्शियल वाहन चालकों के लिए ऑनलाइन **'नो एंट्री परमिशन'** प्राप्त करने की व्यवस्था का उद्घाटन किया। यातायात पुलिस द्वारा जनहित में शुरू की गई इस सुविधा के जरिए वाहन चालक अपने घर या दफ्तर से ही **'नो एंट्री परमिशन'** हासिल कर सकेंगे। इस मौके पर संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री अरूण कंपानी, श्री अतुल कटियार एवं श्री आलोक कुमार सहित काफी संख्या में विभिन्न ट्रांसपोर्ट कंपनियों से जुड़े पदाधिकारी एवं ट्रैफिक सेंटिनेल भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री ताज हसन ने कहा कि यातायात पुलिस का उद्देश्य नो एंट्री परमिशन सिस्टम में पारदर्शिता लाने, मानवीय हस्तक्षेप को कम करने, नागरिकों का समय बचाने और उन्हें अन्य असुविधाओं से बचाना है। उन्होंने बताया कि नागरिक आज से ही दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट delhitrafficpolice.nic.in पर जाकर वर्ष 2019 के लिए नो एंट्री परमिशन प्राप्ति की प्रक्रिया को देख सकेंगे। संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री आलोक कुमार ने बताया कि नो एंट्री के लिए परमिशन लेने के लिए आवेदक को ट्रैफिक पुलिस की वेबसाइट पर जाकर नो एंट्री परमिशन के लिंक पर क्लिक करके आवेदन करना होगा और स्क्रीन पर आई जानकारियों को भरते हुए उसे सबमिट करना होगा। आवेदन सफलतापूर्वक सबमिट होने पर ऑनलाइन रसीद जनरेट होगी, जिसे डाउनलोड करके उसका प्रिंट भी निकाला जा सकेगा। इस प्रक्रिया में सभी जरूरी दस्तावेज ऑनलाइन तरीके से ही सबमिट होंगे और परमिशन के लिए ऑनलाइन दिए गए सभी दिशा–निर्देशों का पालन करना होगा। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के **''स्वच्छता ही सेवा''** के उद्घोष को यथार्थ में परिवर्तित करने के लिए उपस्थित पुलिस अधिकारियों, कर्मियों एवं आमंत्रित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

पुलिस आयुक्त द्वारा शाहदरा जिला में ''ई–मालखाना प्रोजेक्ट'' के दूसरे चरण का उद्घाटन



ई-मालखाना का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त



ई-मालखाना से संबंधित हैंडबुक का विमोचन करते हुए



ई-मालखाना कार्यवाही की विस्तृत जानकारी लेते हुए पुलिस आयुक्त

28 सितम्बर, 2018 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने शाहदरा जिला के सीमापुरी थाने में **''ई–मालखाना''** के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। शाहदरा दूसरा ऐसा जिला बन गया है जिसके सभी 10 थाने डिजिटल हो गये हैं। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.पी. उपाध्याय, श्री संदीप गोयल, श्री एस.के.गौतम, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री रवीन्द्र यादव, श्री राजेश खुराना, श्री सागर प्रीत हुड्डा, उपायुक्त पुलिस श्रीमती मेघना यादव, श्री पंकज सिंह**, यमुनापार के तीनों जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण एवं जवान तथा आरडब्लूए व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इससे पूर्व भी पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 3 अगस्त, 2018 को थाना सरिता विहार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से दक्षिण–पूर्वी जिला के 13 थानों में ई–मालखाना प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया था। इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि ई–मालखाना व्यवस्था शुरू होने पर थानों के मालखाना मोहर्रर, एवं जांच अधिकारियों को अदालती प्रक्रिया में काफी सुविधा हो जाएगी। अब ई–मालखाना व्यवस्था शुरू होने पर केवल एक क्लिक करने पर केस प्रॉपर्टी की पूरी डिटेल कंप्यूटर स्क्रीन पर आ जाएगी जिससे केस प्रॉपर्टी को कोर्ट में पेश करने और बाद में वापिस जमा करना बेहद ही आसान हो जाएगा। पुलिस आयुक्त महोदय ने अपने सम्बोधन में स्वच्छता पखवाड़े का जिक्र करते हुए कहा कि कार्यस्थल पर स्वच्छता और कार्यशैली में तकनीक का प्रयोग हमें काम के लिए नई उर्जा और जोश प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री रवीन्द्र यादव ने कहा कि शाहदरा जिला के बाद अब उत्तर–पूर्वी जिले के सभी थानों के मालखाने को ई–मालखाने में तब्दील करने की तैयारी की जा रही है। इस मौके पर ई–मालखाना की महत्ता बताने वाली एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा ई मालखाना कार्यवाही से सबंधित एक हैंडबुक का विमोचन भी किया गया।

15 लाख स्कूली बच्चों को ''स्कूल सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान'' से जोड़ने का लक्ष्य



सड़क सुरक्षा जागरूकता पर विचार रखते हुए पुलिस आयुक्त



कार्यक्रम में शामिल अधिकारी सड़क सुरक्षा से जुड़ी शपथ ग्रहण करते हुए



एक स्कूली छात्रा पुलिस आयुक्त को पौधा भेंट करते हुए

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 19 सितम्बर, 2018 को एनडीएमसी कन्वेंशन हाल में यातायात पुलिस द्वारा शुरू किये **''स्कूल सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान 2018–19''** के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री ताज हसन, श्री आर.पी. उपाध्याय, श्री एस.के. गौतम, संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री आलोक कुमार** व **श्री अरूण कंपानी** सहित काफी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और सीएसआर पार्टनर्स, आईजीएल, सियाम, हीरो मोटर्स व एचएमएसआई के प्रतिनिधि, 750 स्कूलों के प्रिंसिपल, शिक्षक व छात्र–छात्राएँ उपस्थित थे। इस मौके पर पुलिस आयुक्त महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि यदि छात्र जीवन में ही बच्चों को अच्छी आदतें सिखाई जाएं तो निःसंदेह उसका न केवल बच्चों पर गहरा प्रभाव पड़ता है, बल्कि बच्चों को अच्छी आदतों का अनुसरण करते देख अन्य लोग भी प्रभावित होते हैं। बच्चों को छात्र जीवन से ही यातायात नियमों एवं स्वच्छता की महत्ता को अपनी जीवनशैली में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार दिल्ली पुलिस सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के साथ–साथ स्वच्छता अभियान पर भी ध्यान केन्द्रित कर रही है,क्योंकि एक सभ्य समाज के लिए दोनों ही आवश्यक हैं और इनकी मदद से समाज व देश को उत्तम बनाने में दिल्ली पुलिस अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभा रही है। विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री ताज हसन ने अपने सम्बोधन में बताया कि गतवर्ष दिल्ली यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत दिल्ली के 1100 स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग 12 लाख बच्चों को इस अभियान से जोडने में शानदार सफलता अर्जित की थी। इस वर्ष हमारा लक्ष्य है कि हम इस अभियान के माध्यम से लगभग 1500 स्कूलों के 15 लाख बच्चों को जोड़े और उन्हें यातायात नियमों और स्वच्छता के बारे में जागरूक करें। कार्यक्रम के दौरान पूरी दिल्ली, रेंज, जिला व स्कूल स्तर पर पेंटिंग, निबंध लेखन, क्विज व नुक्कड़ नाटक आदि की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी और विजयी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

पुलिस आयुक्त ने 5 टूरिस्ट पेट्रोलिंग पीसीआर वैन को इंडिया गेट पर हरी झंडी दिखा कर रवाना किया



टूरिस्ट पेट्रोलिंग पीसीआर वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं वि.पु.आ. (परिचालन) श्री एस.के.गौतम

18 अक्टूबर, 2018 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने इंडिया गेट से पीसीआर की 5 नवीनीकृत पेट्रोलिंग वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस. नित्यानंदम, श्री ताज हसन, श्री आर.एस.कृष्णैया, श्री संदीप गोयल, श्री आर.पी. उपाध्याय, श्री सतीश गोलचा, श्री सुनील कुमार गौतम, श्री संजय सिंह, श्री एम.एम. ओबराय, श्रीमती नुजहत हसन, श्री तेजेन्द्र लूथरा, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री रवीन्द्र यादव, श्री अजय चौधरी, श्री देवेश श्रीवास्तव, श्री मधुप तिवारी** सहित भारी संख्या में पीसीआर व संचार शाखा के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। इन नवीनीकृत पीसीआर टूरिस्ट वैन को दिल्ली में घूमने आने वाले देशी/विदेशी पर्यटकों को बेहतर सहायता व सुरक्षा मुहैया कराने के उद्देश्य से आई.जी.आई. एयरपोर्ट टर्मिनल–1, लोटस टेंपल, अक्षरधाम मन्दिर, दिल्ली हाट व जामा मस्जिद पर तैनात किया गया है। स्मरण दिलाया जाता है कि इससे पूर्व भी पहांडगंज, अजमेरी गेट, आईजीआई एयरपोर्ट, इंडिया गेट, लाल किला, कुतुब मीनार, हुमायूं का मकबरा, राजघाट, पालिका बाजार व जनपथ जैसे 10 महत्वपूर्ण एवं व्यस्त बाजारों में पीसीआर की पर्यटक पीसीआर वैन तैनात की हुई है। पुलिस आयुक्त महोदय ने अपने सम्बोधन में दिल्ली की कानून व्यवस्था में पीसीआर के महत्वपूर्ण योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस देश की एक अग्रणी पुलिस है जिसे अपने बेहतरीन व पारदर्शी कामकाज से दूसरे राज्यों की पुलिस के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त (परिचालन) श्री एस.के.गौतम ने बताया कि दिल्ली में रोजाना भारी संख्या में घूमने आने वाले पर्यटकों की मदद व सुरक्षा के लिए तैनात इन पांचों पीसीआर वैन में काफी बदलाव किया गया है और इन वैन पर तैनात होने वाले पुलिसकर्मियों को विशेष पहचान देने के साथ–साथ आतिथ्य सत्कार व कुशल व्यवहार का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। पर्यटक वैन पर दिल्ली शहर के नक्शे, पर्यटक स्थल, ऑटो टैक्सी किराया चार्ट व महत्वपूर्ण टेलीफोन युक्त ब्रोशर उपलब्ध कराये गये हैं।



31 अक्टूबर 2018 की शाम महान शख्सियत एवं लौह पुरूष स्व. सरदार वल्लभभाई पटेल की 144वीं जयंती पर दिल्ली पुलिस ने इंडिया गेट पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं जनसमूह दिल्ली पुलिस के चिरपरिचित बैंड की मधुर धुनों का लुत्फ उठाते हुए।

पुलिस आयुक्त द्वारा जून माह के 6 सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स सम्मानित

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 19 सितम्बर, 2018 को जून माह के 6 सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स को पुलिस में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में सम्मानित किया। जून माह के सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स में शामिल हैं :–कां0 दीपक (थाना शाहबाद डेयरी, उत्तरी परिक्षेत्र एवं जून माह का दिल्ली का सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर), हेड कां0 राजेश कुमार (थाना बिंदापुर–पश्चिमी परिक्षेत्र), हेड कां0 नरेन्द्र (थाना कापसहेड़ा–नई दिल्ली परिक्षेत्र), हेड कां0 संदीप (थाना बुराड़ी–मध्य परिक्षेत्र), कां0 राकेश (थाना जैतपुर–दक्षिणी परिक्षेत्र) तथा हेड कां0 जसबीर सिंह (थाना एम.एस.पार्क–पूर्वी परिक्षेत्र)।



कां. दीपक (जून माह का सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबल)



हेड कां. जसबीर सिंह



हेड कां. नरेन्द्र



हेड कां. संदीप



हेड कां. राजेश



कां. राकेश

सर्वश्रेष्ठ बीट आफिसर्स (जून माह) को सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक

पुलिस आयुक्त ने किया यमुना ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



अति व्यस्त दिनचर्या से चुराये फुरसत के दो पल



ड्यूटी हो या खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन

इंडियन मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 13 से 27 अक्टूबर के बीच यमुना स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में आयोजित यमुना ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के दिल्ली कप में दिल्ली पुलिस ने एनडीएमसी की टीम को हराकर धमाकेदार जीत हासिल की। 13 अक्टूबर को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने इस टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट के संयोजक श्री राजीव निशाना ने बताया कि इस क्रिकेट टूर्नामेंट में डीडीए, कोर्ट स्टाफ, केन्द्रीय विद्यालय, दिल्ली फायर सर्विस, दिल्ली एडवोकेट्स, एनडीएमसी व दिल्ली पुलिस सहित 8 टीमों ने भाग लिया जिनमें एक बेहतर सामंजस्य व मजबूत खेल भावना का प्रदर्शन देखने को मिला। इसी दौरान बच्चों के बीच चित्रकला, स्वच्छ पर्यावरण व प्रदूषण के दुष्परिणामों से संबंधित प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। यमुना ट्राफी टूर्नामेंट **'यमुना बचाओ मुहिम'** से प्रेरित है।



दिल्ली पुलिस की क्रिकेट टीम को पुलिस मुख्यालय में सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त

शुभकामनाएँ

माह जुलाई–अगस्त, 2018 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/ईकाइयों से 229 पुलिसकर्मी सेवानिवृत हुए हैं। इनमें से 37 पुलिसकर्मियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृति ली हैं। दिल्ली पुलिस परिवार सेवानिवृत होने वाले सभी पुलिसकर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करता है।

जुलाई माह में सेवानिवृत होने वालों में शामिल हैं: इंस्पेक्टर सुरेश कुमार भसीन एवं महिला इंस्पेक्टर स्वर्ण लता (पुलिस मुख्यालय), हेडकां0 दलजीत सिंह (सातवीं वाहिनी), एसआई कृष्ण चन्द्र, एसआई रूपचंद, एमटीएस कवंरपाल व एमटीएस उतम सिंह (रोहिणी जिला), एएसआई चन्दर मोहन (राष्ट्रपति भवन), एसआई सोमबीर सिंह, व एसआई सतपाल सिंह (यातायात), एएसआई सतबीर सिंह परमार व रामबीर सिंह (द्वितीय वाहिनी), इंस्पेक्टर ब्रहम सिंह व एएसआई इन्दर पाल सिंह (शाहदरा जिला), एसआई बहादुर सिंह, एसआई मंसूर अली, एसआई योगेन्द्र सिंह, एसआई ब्रहमपाल, एएसआई राजपाल सिंह, एएसआई हंसराज शर्मा, एएसआई नंदा, एएसआई रामपाल सिंह, एएसआई मोहम्मद हसीन खान, महिला एएसआई लक्ष्मी, एएसआई राजेन्द्र कुमार, एएसआई राजेन्द्र, एएसआई अनिल कुमार, एएसआई जसवंत सिंह, एएसआई नरेश कुमार, एएसआई प्राण कश्यप, एएसआई रामकुमार, एएसआई जयपाल सिंह, (पीसीआर) एसआई रमेश कुमार (डीईसेल), एसआई कृष्ण कुमार, एएसआई वेदप्रकाश, एमटीएस बालकराम (पीटीसी), हेडकां0 रमेश सिंह (एफआरआरओ), एसआई वेदपाल सिंह, एसआई अशोक कुमार, एएसआई महाबीर सिंह, एएसआई सुरेश कुमार, कां0 सुरजीत सिंह (मध्य जिला), एसआई लालराम यादव, एएसआई देवेन्द्र कुमार, एएसआई नरेन्द्र सिंह (दक्षिणी जिला), एसआई पुरूषोतम बहादुर हेडकां ओमप्रकाश व एमटीएस परमजीत सिंह (प्रथम वाहिनी), एसआई जितेन्द्र सिंह, एसआई सुन्दरपाल सिंह, एमटीएस इन्दरा देवी (दक्षिण–पूर्वी जिला), एसआई धीरज सिंह, एसआई सुरेश पाल (स्पेशल ब्रांच), एएसआई वेदप्रकाश (दक्षिण–पश्चिमी जिला) एएसआई देवेन्द्र सिंह, एएसआई शमशेर सिंह व हेडकां0 रणवीर सिंह (पश्चिमी जिला), एसआई ओम प्रकाश व एसआई अशोक कुमार (बाहरी जिला), इंस्पेक्टर सुनील वशिष्ठ व इंस्पेक्टर रामकिशन, एसआई महानंद खालको, एसआई जयप्रकाश, एसआई सत्यवीर सिंह, एसआई कैलाश चन्द्र, एसआई मुरारी लाल, एसआई राम गोपाल सिंह, एसआई सत्यवीर सिंह, एस आई अजीत सिंह,एसआई रामदीप सिंह, एएसआई धर्मपाल सिंह, एएसआई शोरण सिंह, एएसआई हरिकिशन, एएसआई विजेन्द्र सिंह, एएसआई जयसिंह, एएसआई सतबीर सिंह, एएसआई रामचन्द्र सिंह, एएसआई गोपाल कृष्ण,, एएसआई सुरत राम, एएसआई नंदा कुमारन्, एएसआई लखविन्दर सिंह चहल, एएसआई राजकुमार एएसआई जेयन,के. आर, हेडकां0 राजाराम, एमटीएस लाल सिंह (सुरक्षा), एसआई सतीश चंद, एसआई विनोद कुमार, एसआई करीम बक्श, एएसआई जसमिन्दर सिंह, एएसआई राम कुमार, एएसआई नरेश कुमार, एएसआई मोहम्मद आफताब, एएसआई कंवर पाल, हेडकां0 सुभाष चंद, (उतर–पूर्वी जिला) एसआई सुरेश चंद व एसआई सहीराम (सतर्कता शाखा), इंस्पेक्टर जगदीश कुमार, एसआई शोराज सिंह, एएसआई अरूण कुमार व एएसआई रामफल (पीएंडएल), एसआई देवेन्द्र कुमार, महिला एसआई जसविंदर कौर, हेडकां0 राजीव कुमार (परिचालन), एसआई नेमीचंद, एसआई रमेश कुमार व एसआई ओमप्रकाश (द्वारका जिला), एसआई बलजीत सिंह, एसआई प्रीतम सिंह, एएसआई सुरेश कुमार, महिला हेडकां0 बबीता जोशी व एमटीएस कमला (नई दिल्ली जिला), महिला एसआई चंचल, एएसआई मदन मोहन, एएसआई यशपाल, हेडकां0 धीर सिंह (उतरी जिला), एएसआई गब्बरूद्दीन (ईओडब्लू), एसआई सुभाष चंद तथा एएसआई रामनिवास (पूर्वी जिला)।

अगस्त माह में सेवानिवृत होने वालों में शामिल हैं : इंस्पेक्टर महीपाल सिंह नौहवाल, इंस्पेक्टर विद्या राणा, एसआई हरीश कुमार भारद्वाज व एएसआई बालानाथ (पुलिस मुख्यालय) एसआई महाबीर सिंह, एएसआई देवेन्द्र सिंह, एएसआई नरेन्द्र सिंह व एमटीएस गोपाल प्रसाद (रोहिणी जिला) एसआई कालू राम, एसआई हेमराज, एएसआई सुखबीर सिंह व हेडकां0 कृष्ण सिंह (यातायात) एसआई महेन्द्र सिंह (पांचवी वाहिनी) हेडकां0 महेन्द्र सिंह (बाहरी जिला), एसआई दलबीर सिंह (राष्ट्रपति भवन), एएसआई मांगेराम (तृतीय वाहिनी), एमटीएस श्याम लाल (सातवी वाहिनी), एएसआई रोहताश सिंह (एफआरआरओ), इंस्पेक्टर बलराज कुमार, एसआई मोहिन्दर सिंह व एएसआई राजकुमार (स्पेशल सेल) एसआई श्री गोपाल(पूर्वी जिला), एसआई शमशेर सिंह व हेडकां0 हरेन्द्र सिंह (प्रथम वाहिनी), एसआई ओमप्रकाश (द्वारका जिला), एसआई घीसाराम एएसआई जसविन्दर सिंह, एमटीएस प्रकाश चंद (नई दिल्ली जिला), एएसआई राजबीर सिंह (मैट्रो), इंस्पेक्टर भूप सिंह, एसआई रणबीर सिंह व एसआई सुरेन्द्र शर्मा (पीटीसी), एएसआई भागमल सिंह, एएसआई प्रेम सिंह व एएसआई सुरेन्द्र सिंह (मध्य जिला), एसआई आजाद सिंह, एएसआई जसबीर सिंह, हेडकां0 हवा सिंह व एमटीएस राजेन्द्र (उतर–पश्चिमी जिला), इंस्पेक्टर प्रेम सिंह, एएसआई वीरेन्द्र सिंह, एएसआई ललन राय, (पश्चिमी जिला), एएसआई कर्ण सिंह व हेडकां0 महेश कुमार (दक्षिणी–पूर्वी जिला), एसआई प्रेम सिंह व एएसआई नेपाल सिंह (स्पेशल ब्रांच), एसआई धर्मबीर सिंह, एसआई जयपाल सिंह, एसआई सतपाल सिंह, एसआई रामनिवास, एसआई आजाद सिंह, एएसआई रामपाल सिंह, एएसआई अशोक कुमार, एएसआई इजाज़ अहमद, एएसआई मुरली धर, एएसआई महेश चंद, एएसआई रमेश चंद्र व एएसआई मनोहर लाल, (पीसीआर), एसआई किशन लाल, एसआई के.हरीदासन, एएसआई राजेन्द्र सिंह,(दक्षिणी जिला), एसआई अकबर अली व एएसआई नरहरी नरसिंह (दक्षिण–पश्चिमी जिला), एसआई हरीश कुमार, एसआई रमेश कुमार, हेडकां0 दिनेश शर्मा, हेडकां0 पेंमा वांगडी भूटिया, (संचार शाखा), एसआई सुरजभान, एसआई ओमबीर सिंह, एएसआई रामकुमार, एएसआई ओमप्रकाश, एएसआई नूरूद्दीन, एएसआई वीरेन्द्र कुमार, एएसआई रामप्रकाश, महिला एएसआई वेदवती, एएसआई वीर सिंह,एएसआई अजीत सिंह, एएसआई सतबीर सिंह चौहान व एएसआई जयसिंह (सुरक्षा), इंस्पेक्टर विजेन्द्र कुमार (उतर–पूर्वी जिला), एएसआई इकबाल अहमद व एएसआई गुरमीत सिंह (शाहदरा जिला), हेउकां0 धर्मेंद्र कुमार (अपराध शाखा), एमटीएस गोविन्द लाल (छट्टी वाहिनी), एएसआई हरपाल सिंह व एमटीएस जोगेन्द्र सिंह (उतरी जिला), एसआई राजेन्द्र सिंह,एएसआई सुदर्शन डी, एएसआई ओमप्रकाश मलिक, हेडकां0 संत सिंह (पीएंडएल), तथा हेडकां0 उदय नारायण पांड्ये (द्वितीय वाहिनी)।

श्रद्धांजलि

अगस्त व सितम्बर, 2018 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला यूनिटों में तैनात 32 पुलिसकर्मियों की सेवाकाल के दौरान विभिन्न कारणों से मृत्यु हो गई। असमय बिछुड़ गए अपने इन साथियों को दिल्ली पुलिस अपनी भाव–भीनी श्रद्धाजंलि अर्पित करता है और उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता है।

अगस्त माह में दिवंगत साथियों में शामिल हैं: इंस्पेक्टर युगबंधु (मध्य जिला), एसआई देवेन्द्र सिंह (उतर–पूर्वी जिला), महिला एसआई आशा, एएसआई राम कुमार व एमटीएस हरीश चन्दर (दक्षिणी जिला), एएसआई नरेन्द्र सिंह व एएसआई विजय कुमार (रोहिणी), हेडकां0 रणबीर सिंह व हेडकां0 राकेश कुमार (पीटीसी), हेडकां0 मनोज कुमार (यातायात), कां0 मनोज कुमार (चतुर्थ वाहिनी), एएसआई सतश्री ए.आर. (स्पेशल ब्रांच), एएसआई साधुराम (पीसीआर), एएसआई लाल बाबू व हेडकां0 हरदेश कुमार (सुरक्षा), हेडकां0 अजीत सिंह व हेडकां0 मुकेश कुमार (पूर्वी जिला), एएसआई हेमराज (शाहदरा जिला) तथा एएसआई जयकिशन व कां0 राजेन्द्र कुमार यादव (उतरी जिला)।

सितम्बर माह में दिवंगत पुलिसकर्मियों में शामिल हैं :– एएसआई अमरपाल सिंह (पूर्वी जिला), कां0 राम कुमार (शाहदरा जिला), एएसआई किशोरी लाल व कां0 राम कुमार (पीसीआर), हेडकां0 राम अवतार मीणा (दक्षिणी जिला), महिला हेडकां0 जसविन्दर देवी (उत्तर–पूर्वी जिला), हेडकां0. संतोष कुमार (अपराध शाखा), एएसआई सतबीर सिंह व कां0 नरेन्द्र सिंह सुहाग (यातायात), एएसआई महेन्द्र सिंह व हेडकां0 कुलदीप (द्वारका जिला) तथा एमटीएस सुनील कुमार (दक्षिण–पूर्वी जिला)।

''युवा योजना के तहत साधन वंचित एवं दिशाहीन किशोरों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करना भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।''

-श्री अमूल्य पटनायक, पुलिस आयुक्त, दिल्ली



साथियों, आपको यह जानकर खुशी होगी कि माननीय प्रधानमंत्री की कौशल विकास योजना के तहत दिल्ली पुलिस द्वारा शुरू की गई ''युवा'' योजना ने एक वर्ष पूरा कर लिया है। हमारी इस कल्याणकारी 'युवा' योजना का उद्घाटन **माननीय केंद्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 29 अगस्त, 2017** को विज्ञान भवन के सभागार में किया था। दिल्ली पुलिस ने नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (NSDC) और कंफेडरेशन ऑफ इंडिया इंडस्ट्रीज़ (CII) के साथ मिलकर अपनी इस योजना को जोर–शोर से बढ़ाया जिसके सार्थक परिणाम देखने को मिले। आपको जानकर हर्ष होगा कि हमारी इस युवा योजना का एक वर्ष पूरा होने पर **8 अक्टूबर, 2018** को नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (NSDC) की मदद से सिरीफोर्ट ऑडिटोरियम में आयोजित **''युवा कार्यक्रम''** के **मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री किरण रिजिजू** और **माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैज़ल** ने भी दिल्ली पुलिस द्वारा युवाओं का उचित मार्गदर्शन किये जाने की सराहना की और इसे जनहित में एक कारगर कदम बताया।

मेरा मानना है कि दिशाहीन व नकारात्मक सोच वाले युवाओं के लिए आशंका रहती है कि वो गलत रास्ते या अपराध की तरफ न चले जाएं। इसीलिए ऐसे युवाओं को समाज की मुख्यधारा में शामिल कर दिल्ली पुलिस समाज के प्रति अपनी एक बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाह कर रही है। इस योजना की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस योजना के तहत दिल्ली पुलिस अब तक 2900 युवक–युवतियों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने में कामयाब हुई है। दिल्ली पुलिस ने युवा योजना के तहत साधन वंचित, आपराधिक प्रवृति के किशोरों, शोषित बच्चों और ऐसे युवाओं को इस योजना में शामिल किया जो इससे लाभान्वित होकर न केवल स्वयं जीवनयापन करने में सक्षम हो सके, बल्कि अपने परिवारों के भरण–पोषण का बीड़ा भी उठा सके। कई संस्थाओं के साथ मिलकर 20 पुलिस स्टेशनों में चलाये गये प्रशिक्षण शिविरों में युवाओं की क्षमता और प्रतिभा के अनुसार भिन्न–भिन्न प्रकार के प्रोफेशनल कोर्स कराये गये और विभिन्न संस्थानों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 13 Job Fairs भी लगाये गये ताकि वह समाज में सम्मानित जीवन व्यतीत कर सकें। वर्ष 2018–19 में हमारा लक्ष्य होगा कि 5000 से 8000 के बीच युवाओं को विभिन्न जीविकोपार्जन के क्षेत्रों में प्रशिक्षित करें, जिसमें अब भाषा निपुणता कोर्स भी शामिल है।

पिछले दिनों दिल्ली पुलिस ने 21 अक्टूबर को शहीदी दिवस के मौके पर अपने शहीद साथियों को याद किया। ड्यूटी पर शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिजनों को यूँ तो सरकार भी आर्थिक मदद करती है, साथ ही पुलिस प्रशासन भी यथासंभव आर्थिक मदद व अनुकंपा के आधार भर्ती आदि के लिए तत्पर रहता है। दिल्ली में पुलिस संग्रहालय का निर्माण होना भी सभी पुलिसकर्मियों के लिए एक गर्व व संतुष्टि का क्षण है। इससे हमारी उपलब्धियों को जनता के सामने प्रदर्शित किया जा सकेगा और ये उपलब्धियाँ हमेशा के लिए इस संग्रहालय में संग्रहित रहेंगी। मुझे ऐसी आशा है कि यह ध्यान का केन्द्र होगा, जनता यहाँ आकर सुखदः महसूस करेगी और इससे पुलिस व जनता के बीच जो दूरी है वह कम होगी। ऐसी जगहों पर जनता पुलिस के कार्यो तथा त्याग के बारे में जानकारी ले सकेंगे और उसकी प्रशंसा भी कर सकेंगे।

दिल्ली पुलिस ने भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टोलरेंस पोलिसी को मजबूती के साथ क्रियान्वित किया । भ्रष्टाचार ऐसी बुराई है जो बहुत तेजी से अपने पंख फैलाती है और किसी भी व्यवस्था का कार्यकारी ढ़ांचा दूषित कर देती है। दिल्ली पुलिस में भ्रष्ट अधिकारियों/कर्मियों के लिए कोई स्थान नहीं है और उनके प्रति किसी प्रकार की कोई सहानुभूति एवं रियायत नहीं है। एक पीड़ित/शिकायतकर्ता के प्रति पुलिस ऑफिसर को पूरी सहानुभूति होनी चाहिए और यह बिना किसी आशा के निःस्वार्थ भाव से होनी चाहिए ताकि शिकायकर्ता आत्मविश्वास के साथ पुलिस के पास आकर अपनी समस्या बतला सके। हालांकि पुलिस ऑफिसर होने के नाते अपराधियों के दिमाग में पुलिस का डर बैठाना भी जरूरी है।

हम समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण रखने, यातायात को बेहतर ढंग से संचालित करने, नागरिकों की शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुनने और उनका कानूनसम्मत तरीके से निपटारा करने में आप जितनी कार्यकुशलता, मजबूत संकल्प और ईमानदारी का प्रदर्शन करते है, वही पुलिस की प्रतिष्ठा और श्रेष्ठता का पैमाना है। पिछले दिनों दिल्ली में आयोजित गणेश विसर्जन, हजारों छोटी–बड़ी रामलीलाओं के मंचन व दशहरा पर्व के दौरान शांति–व्यवस्था बनाए रखना एक कड़ी चुनौती थी, परन्तु आप सबने इस चुनौती को बखूबी निभाया। इसके लिए मैं आप सबकी सराहना करता हूँ। पिछले दिनों सभी जिलों में पैदल एवं बाइक गश्त पर विशेष जोर दिया गया था उससे नागरिकों ने पुलिस को स्वयं के निकट पाया और उनमें पुलिस के प्रति विश्वास और गहरा हुआ। पुलिस व जनता के बीच मजबूत रिश्तों के लिए हर मुमकिन संभावना पर काम करना चाहिए। त्यौहारों के समय आप सभी अपने परिवारों से दूर रहकर अपनी ड्यूटी कर रहे होते हैं ताकि दिल्लीवासी हर्षोल्लास और शांतिपूर्वक अपने पर्व मना सकें। यूँ तो अपने परिवार व बच्चों से दूर रहने का हमें मलाल होता है परन्तु दिल्लीवासियों के चेहरे पर झलकने वाली खुशी ही हमारा ईनाम होता है और इसी सुकून से हमें गर्व की अनुभूति होती है।

साथियों, 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर के बीच हम सबने स्वच्छता पखवाड़ा मनाया। **'स्वच्छता ही सेवा'** की भावना से ओतप्रोत होते हुए दिल्ली पुलिस की सभी पुलिस कॉलोनियों, पुलिस कार्यालय परिसरों, बैरकों, पुलिस लाइनों और थाना परिसरों में साफ–सफाई अभियान चलाये गए। इस सन्दर्भ में, मैं आपसे केवल यही कहना चाहूँगा कि वर्ष भर में कम से कम 100 घंटे का श्रमदान स्वच्छता हेतु जरूर करें। इसे केवल एक औपचारिकता के रूप में ना लें बल्कि इसे अपनी आदत में शामिल करें और बच्चों सहित अन्य को भी प्रोत्साहित करें। इसके साथ ही मैं सभी अधिकारियों एवं कर्मियों का आह्वान करना चाहूंगा कि दिल्ली पुलिस द्वारा जनहित में जारी की गई विभिन्न योजनाओं, एप्स और घोषणाओं का अवलोकन करते रहें और जनता को इनके प्रति जागरूक करते रहें ताकि अधिक से अधिक नागरिक इनसे लाभान्वित हो सकें।

धन्यवाद!

सेवानिवृत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन


वि.पु.आ. श्री पी.कामराज


सं.पु.आ. श्री आलोक कुमार


अति.आ.पु. श्री भैरों सिंह गुर्जर


अति.आ.पु. श्री बी.के.मिश्रा

14 सितम्बर, 2018 को जंतर–मंतर स्थित एनडीएमसी बिल्डिंग के कन्वेंशन हॉल में पिछले दिनों सेवानिवृत हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी. कामराज, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार, अतिरिक्त आयुक्त पुलिस श्री भैरों सिंह गुर्जर एवं अतिरिक्त आयुक्त पुलिस श्री बी.के.मिश्रा के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक सहित अधिकाश वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की **अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक** एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने सेवानिवृत हुए चारों वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को गुलदस्तें भेंट करते हुए उनकी दीर्घायु होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की जबकि समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक ने डॉ. सुनीथा जी. कामराज एवं श्रीमती मीनाक्षी कुमार को समिति द्वारा किये जा रहे कल्याणार्थ कार्यो में दिये गये उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए पुष्पगुच्छ भेंट किये।

30 सितम्बर व 31 अक्टूबर, 2018 को सेवानिवृत पुलिस अधिकारीगण


एसीपी श्री रूप लाल शर्मा (प्रथम वाहिनी)


एसीपी श्री कर्मचंद नेगी (पीसीआर)


एसीपी श्री सुरेन्द्र कुमार चौधरी (उत्तरी जिला)


एसीपी श्री राजबीर शर्मा (पीसीआर)


एसीपी श्री राजेन्द्र प्रसाद गौतम (उत्तर-पूर्वी जिला)


एसीपी श्री जीवंतराम परमार (पूर्वी जिला)


एसीपी (पीसीआर) श्री राकेश भटनागर के अस्वस्थ होने पर उनके सुपुत्र पुलिस आयुक्त से मिले

''दिल्ली पुलिस दिल्ली के नागरिकों को दी जाने वाली सभी सेवाओं को डिजिटल मोड में परिवर्तित करने और मानवीय हस्तक्षेप को कम करके अपने काम में अधिक से अधिक पारदर्शिता लाने की दिशा में गंभीरता से काम कर रही है। इससे नागरिकों को तत्काल सुविधा मिलेगी और उनके बहुमूल्य समय की बचत भी होगी''।

– श्री अमूल्य पटनायक
पुलिस आयुक्त, दिल्ली


एसीपी श्री संजीव कुमार (सुरक्षा)


एसीपी श्री अनिल कुमार (सुरक्षा)

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ

समस्त दिल्ली पुलिस परिवार को दीपावली पर्व पर सुख-समृद्धि हर्षोल्लास और अच्छे स्वास्थ्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ। आप सदैव मुस्कराते रहें और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाएँ। साथ ही आप स्वयं पर गर्व महसूस करें कि आपकी चौकसी और सतर्कता से दिल्लीवासी सुरक्षित, निर्भय एवं प्रसन्नचित होकर इस प्रकाश पर्व का आनंद उठाते हैं।

सम्पादक : श्री राजीव रंजन, उपायुक्त पुलिस (पुलिस आयुक्त के स्टाफ ऑफिसर)
सह-सम्पादक : निरीक्षक सतबीर सिंह, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली।


सम्पादक


सह-सम्पादक